# लोक शिक्षण संचालनालय
# छत्तीसगढ़

(प्रथम तल, सी खण्ड, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर)
(दूरभाष कमांक 0071–2331385 फैक्स कमांक 0771–2445215, ई–मेल– cg.dpi.dir@gmail.com)

क्रमांक / वाहन / अपलेखन / निविदा / 2021 / 180 | नया रायपुर दिनांक 01.04.2021

## निविदा आमंत्रण

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय छ0ग0 रायपुर के अधीन शासकीय वाहन क्रमांक सी.जी.–02–4067, वाहन का प्रकार (एसेन्ट कार), क्रय वर्ष 2009 की नीलामी हेतु इच्छुक निविदाकारों से नीलामी पश्चात विक्रय किये जाने हेतु मुहर बंद निविदा दिनांक 20.04.2021 तक अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विभागीय वेबसाईट www.eduportal.nic.cg.nic.in पर निविदा से संबंधित शर्ते / अन्य विवरण तथा निविदा फार्म का अवलोकन किया जा सकता है।

उप संचालक
लोक शिक्षण संचालनालय
छततीसगढ़

# लोक शिक्षण संचालनालय
# छत्तीसगढ़

(प्रथम तल, सी खण्ड, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर)
(दूरभाष कमांक 0071–2331385 फैक्स कमांक 0771–2445215, ई–मेल– cg.dpi.dir@gmail.com)

## निविदा फार्म

1. फर्म या व्यक्ति का नाम : ....................................................................
2. पत्र व्यवहार (दूरभाष सहित) का पता : ....................................................................
3. बैंक ड्राफ्ट का विवरण : ....................................................................
4. दर

| क्र. | बैंक का नाम | राशि | बैंक ड्राफ्ट नं./दिनांक |
|---|---|---|---|
| | | | |

| क्रमांक | वाहन का नाम | वाहन क्रमांक | क्रय वर्ष | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

नियम एवं शर्तें :

1. वाहन जिस स्थिति में है, उसी स्थिति में मूल्य दर आमंत्रित की जाती है एवं वाहन प्रदाय भी उसी स्थिति में की जावेगी।
2. उक्त वाहन के लिये अमानत राशि रूपये 3000.00 (तीन हजार रूपये मात्र) बैंकर्स चेक/बैंक ड्राफ्ट संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय छ0ग0 रायपुर के नाम से जमा किया जाना अनिवार्य होगा।
3. निविदा फार्म में निविदा मूल्य साफ, सुंदर और सुस्पष्ट अंको एवं शब्दों में लिखा जाना अनिवार्य होगा। कांट–छांट युक्त निविदा फार्म निरस्त कर दिया जावेगा।
4. निविदा मूल्य दर बंद लिफाफा में ही स्वीकार की जावेगी। लिफाफा के ऊपर वाहन का प्रकार/वाहन क्रमांक लिखा जाना अनिवार्य होगा तथा लिफाफा संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छ0ग0, इन्द्रावती भवन, ब्लॉक–सी, प्रथम तल अटल नगर, नवा रायपुर के पते पर जमा किया जायेगा।
5. अधिकतम मूल्य दर प्रथम एवं द्वितीय मूल्य वाले निविदाकर्ता की अमानत राशि रोककर शेष की अमानत राशि 07 दिवस के भीतर वापस कर दी जावेगी।
6. सफल निविदाकर्ता को निविदा मूल्य राशि का 50 प्रतिशत राशि दूसरे कार्य दिवस दिन अर्थात दिनांक 22.04.2021 दोपहर 2:00 बजे तक जमा किया जाना अनिवार्य होगा। राशि जमा नहीं करने की स्थिति में अमानत राशि राजसात करते हुये द्वितीय अधिकतम बोली लगाने वाले को राशि जमा करने हेतु निर्देश दिये जाने हेतु विचार किया जावेगा।

7. प्रदाय आदेश जारी होने के 07 दिवस के अंदर निविदा मूल्य की संपूर्ण राशि जमा कर वाहन उठाना अनिवार्य होगा। राशि जमा नहीं किये जाने की स्थिति में पूर्व में जमा की गई सम्पूर्ण राशि राजसात कर ली जावेगी।
8. निविदा फार्म दिनांक 05.04.2021 को दोपहर 12:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।
9. निविदा फार्म दिनांक 20.04.2021 को दोपहर 2:00 बजे तक डाक/व्यक्तिगत रूप से लोक शिक्षण संचालनालय छ0ग0, इन्द्रावती भवन, ब्लॉक–सी, प्रथम तल अटल नगर, नवा रायपुर में पहुंचना अनिवार्य होगा। बाद में प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
10. भरा हुआ निविदा फार्म दिनांक 20.04.2021 को सायं 4:00 बजे खोला जावेगा। निविदाकर्ता अथवा उसका प्रतिनिधि उपस्थित रह सकता है।
11. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय छ0ग0 रायपुर को समस्त निविदा या किसी भी निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
12. नीलामी पश्चात वाहन को राशि जमा करने के पश्चात संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय छ0ग0 रायपुर सी.जी.टी.सी. लेकर उसी दिन वाहन का सुपुर्दनामा लेकर संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग. रायपुर के गैरेज परिसर से नीलामी वाहन को ले जाना अनिवार्य होगा अन्यथा नीलाम वाहन का प्रतिदिन तीन सौ रूपये की दर से सुरक्षा शुल्क देना होगा।

**सहमति**

प्रमाणित किया जाता है कि मेरे द्वारा नियम व शर्तों को भली भांति पढ़ा गया है एवं समझ लिया गया है तथा मुझे निविदा प्रपत्र में उल्लेखित अनुक्रमांक .......................... से अनुक्रमांक ........................................तक अंकित नियम व शर्ते मंजूर है।

हस्ताक्षर
(निविदाकर्ता)

नम :..........................................
पता :..........................................
..................................................